जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में मतदाता   जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जय नारायण व्यास शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित महिला पीजी महाविद्यालय में आज जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मनोरमा उपाध्याय ने बताया कि राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सर्कुलर एवं जिला कलेक्टर जोधपुर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अनुसार महाविद्यालय के स्वीप एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।प्राचार्य द्वारा मतदान से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान कविता वाचन, भाषण के माध्यम से छात्राओं ने जागरुकता मतदान का महत्व बताया तथा इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता के तहत छात्राओं ने मतदान से संबंधित भावनाओं को उकेरा। तत्पश्चात मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ रंजना उपाध्याय एवं डॉ हेमा जैन उपस्थित रहे।डॉ रंजना उपाध्याय ने कहा कि हमे हमारे मतदान अधिकार का प्रयोग करना चाहिए।और उसके प्रति जागरूक रहना चाहिए।आप जागरूक होंगे तो देश जागरूक होगा। एनएसएस अधिकारी डॉक्टर नीतेश व्यास ने इस आवसर पर अपनी स्वरचित कविता द्वारा मतदान देने को प्रेरित किया।एवं नोडल अधिकारी डॉ सीमा हटीला ने लोकतंत्र व्यवस्था के बारे में समझाया। कुमारी कुमकुम सोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया ड्राइंग पेंटिंग में प्रथम दिव्यांशी राजपुरोहित द्वितीय स्थान पर डोली सोनी तृतीय स्थान पर भूमिका ने प्राप्त किया इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों की छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में डॉ हेमा जैन ने छात्राओं को मतदान की शपथ दिलवाई।



Vote
My Vote Is My Future